

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–66/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

### राजभवन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन हुआ

**पटना, 21 जून, 2025** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित योग शिविर में योगाभ्यास किया। उन्हें आयुष मंत्रालय के श्री नवनीत निलंद तथा बिहार योग विद्यालय, मुंगेर के संन्यासी धर्मविजय राजमणि सिंह एवं यशोधरा ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान आदि का अभ्यास कराया। योग शिविर में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू सहित राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि योगाभ्यास केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। योग हमारे जीवन में संतुलन लाता है। पातंजलि योग सूत्र में बताया गया है कि योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः, अर्थात् चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है। किसी कार्य में सफलता के लिए चित्त की एकाग्रता आवश्यक है और इसके लिए योग उपयोगी है।

राज्यपाल ने कहा कि योग का तात्पर्य अनेक को एक साथ लाना है। इससे परस्पर सहयोग, एक दूसरे के प्रति संवेदना तथा करूणा का भाव मजबूत होता है।

उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने योग के महत्व को स्वीकार करते हुए 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। यह भारतीय संस्कृति की विशेषताओं की वैश्विक स्वीकार्यता है और हमें इसपर गर्व है।

.............................................